हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 जामगांव आर में 32वां परिक्षेत्रीय महावीर जन्म कल्याणक ...





11 धूमधाम से मनाई कर्मा जयंती






## खबर संक्षेप

### राजमिस्त्री ठेकेदारों का आज कार्य बंद करने का आह्वान

**बालोद/सिकोसा।** भारतीय मजदूर संघ ने समस्त राजमिस्त्री ठेकेदार 1 अप्रेल को कार्य बंद करने आव्हान किया गया है। गौरैय्या राजमिस्त्री कल्याण संघ ईकाई गुंडरदेही अध्यक्ष शांतिप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष प्रेमु साहू, सचिव हरिराम साहू, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विशेष बैठक 1 अप्रेल को सुबह 11 बजे सिकोसा बाजार चौक में रखी गई है, जिसमें भवन निर्माण का कार्य करने वाले राजमिस्त्री व श्रमिक विशेष रूप से शामिल होंगे। बैठक में राजमित्रियों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### महिला से मारपीट, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** महिला के साथ तीन लोगो ने मारपीट कर दिया, जिसके बाद पीड़ित महिला ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 04 टिकरापारा बालोद निवासी सुमन शर्मा ने पुलिस को बताया कि 28 मार्च को सुबह मैं काम में जाने के लिये अपने घर से निकली थी, उसी समय मोहल्ले का प्रांजल खन्ना अपने घर के सामने था, जो मुझे देख कर गाली गलौज करने लगा, जिसे मैं मना कर रही थी, उसी समय उसकी पत्नि आरती खन्ना व उसका लड़का सुजल खन्ना भी आये और तीनो एक होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुये प्रांजल खन्ना ने अपने हाथ से मेरे गाल में 2 थप्पड़ मारा है, मारपीट को देख कर मेरा लड़का रोशन शर्मा, बेटी सुष्मिता शर्मा, दयावंत शर्मा, सोनू राजपूत बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी गाली गलौज किये तथा झूमा झटकी में रोशन को भी चोट आया।

### सट्टा लिखने को लेकर विवाद, युवक से मारपीट

**बालोद।** सट्टा नंबर लिखने के लिए पेन मांगने पर युवक की पिटाई कर दी गई। जिसके बाद युवक ने मारपीट करने वाले लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 03 नयापारा बालोद निवासी चुरामन साहू ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीबन 02 बजे फैज खान के रेल्वे कालोनी बालोद स्थित किराना दुकान में पहली बार गया था, तब मैं दुकान में बैठे नजीर खान से पूछा कि सट्टा लिखते हो क्या, तब वह हां बोला, तो मैं लिख दो कहा, तब नजीर खान बोला तुम अपने घर से पर्ची लिख के आओ, मैं बार– बार कहां आते– जाते रहुंगा, तुम्हारे पास कापी पेन है तो दे दो, लिख के दे दुंगा, इस पर वह नाराज हां गया, तब मैं बोला सट्टा लिखवा रहे हो और अकड़ के बात कर रहे हो, तो नजीर खान गाली– गलौज करने लगा, आवाज सुनकर फैज खान व उसके माता– पिता आये और चारों मुझे शेष पेज 10 पर

# टीबी मुक्त अभियान में चंदनबिरही को कांस्य पदक, विश्व क्षय दिवस में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

### स्वास्थ्य विभाग ने 96 पंचायतों को किया सम्मानित





- टीबी के लक्षणों को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

ग्राम चंदनबिरही को टीबी मुक्त गांव का कांस्य पदक मिला। विश्व क्षय दिवस पर बालोद में सम्मान हुआ।

केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित टीबी के छः मापदंड टीबी मरीजों की जांच, टीबी नोटिफिकेशन, पूर्ण सफल उपचार दर, दवा प्रतिरोधक जांच, निक्षय पोषण योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पोषण सहायता को पूरा करने वाले 96 पंचायतों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। जिसमें तीन साल तक मापदंडों को पूरा करने वाले 3 पंचायत को गोल्ड, दो साल तक मानदंड को पूरा करने वाले 36 पंचायत को रजत और एक साल तक पूरा करने वाले 57 पंचायतों को कांस्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में विकासखंड गुरूर के ग्राम पंचायत चंदनबिरही को कांस्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

भारत सरकार ने वैश्विक लक्ष्य 2030 से 5 साल पहले देश को टीबी तपेदिक मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रारंभिक निदान, मुफ्त इलाज, पोषण सहायता निक्षय पोषण योजना और जनभागीदारी के माध्यम से टीबी की घटनाओं और मृत्यु दर को कम करना है। सरपंच गोकुल मंडावी ने कहा कि हमने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ग्रामीण स्वास्थ्य शेष पेज 10 पर

## कार्रवाई

फौवारा चौक से गुप्ता चौक तक चल रहा अभियान, शहर में दिखने लगा असर

# दल्लीराजहरा में अतिक्रमण पर सख्ती: प्रशासन की चेतावनी के बाद व्यापारी खुद हटाने लगे शेड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

### टीन शेड और अस्थायी निर्माण से संकरी हुई सड़कें


साप्ताहिक बाजार में दल्लीराजहरा की सड़कों पर लगा जाम, यातायात व्यवस्था बेपटरी

खबर का असर

शहर के प्रमुख मार्गों पर वर्षों से फैले अतिक्रमण को लेकर अब जिला और स्थानीय प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। फौवारा चौक से शहीद वीर नारायण सिंह चौक, न्यू बस स्टैंड चौक से थाना चौक, श्रमवीर चौक से माइन्स ऑफिस चौक और जैन भवन चौक से गुप्ता चौक तक फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई ने रफ्तार पकड़ ली है। अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी कर तीन दिन का अवसर दिया गया है। प्रशासन के निर्देश के बाद नगर पालिका की पहल का असर अब जमीन पर साफ दिखाई देने लगा है।

मुख्य रूप से व्यापारियों द्वारा नालियों के ऊपर किए गए टीन शेड और अस्थायी निर्माण से सड़कें संकरी हो गई थीं, जिससे रोजाना जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। लेकिन अब समय-सीमा के भीतर अतिक्रमण हटाने के आदेश के बाद कई व्यापारियों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया है, जिससे शहर में सकारात्मक माहौल बनता नजर आ रहा है।

**हरिभूमि की खबर का असर:** मार्च माह में प्रकाशित खबर में साप्ताहिक बाजार के दौरान शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था, अव्यवस्थित पार्किंग और भारी जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था। इस खबर के सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जमीनी स्तर पर कार्रवाई तेज हुई। लगातार मिल रही शिकायतों और मीडिया में उठे मुद्दों ने इस अभियान को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब उसी का परिणाम है कि वर्षों से जमे अतिक्रमण पर सख्ती दिख रही है और शहर की सूरत बदलने लगी है। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि मीडिया में मुद्दा उठने के बाद प्रशासन की सक्रियता बढ़ी है। पहले समस्या सालों से बनी हुई थी, लेकिन अब कार्रवाई होते देख विश्वास बढ़ा है, एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा

### प्रशासन का सख्त संदेश

जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा के निर्देश पर प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सड़क और नाली पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर की जा रही है।

### नगर पालिका का अभियान

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी ने कहा कि तीन दिन की समय-सीमा के बाद अतिक्रमण शेष पेज 10 पर

#### पहले समझाइश और फिर सख्ती से कार्रवाई

अनुविभागीय दंडाधिकारी सुरेश साहू ने बताया कि चिन्हित मुख्य मार्गों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण से आवागमन बाधित हो रहा था, इसलिए पहले समझाइश और फिर सख्ती का रास्ता अपनाया जा रहा है।

\- **सुरेश साहू** अनुविभागीय दंडाधिकारी

#### विकास के लिए जरूरी कदम

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि यह कदम शहर के दीर्घकालिक विकास के लिए जरूरी है। सभी के सहयोग से ही स्थायी समाधान संभव है।

\- **तोरण साहू** नगर पालिका अध्यक्ष

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बढ़ी किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

अंचल में बीती रात मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को चौंका दिया। रात को शुरू हुई तेज झमाझम बारिश हुई। बारिश के साथ गिरे ओलों भी गिरे। जिससे किसानों और मजदूरों की चिंता बढ़ गई। यह बेमौसम बरसात किसी आफत से कम नहीं रही। जहां एक ओर ईंट-भट्ठा संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा,

### मेहनत पर फिरा पानी

वहीं दूसरी ओर खेतों में खड़ी और कटाई के बाद रखी रबी फसलें पूरी तरह भीग गईं। गेहूं और चना जैसी फसलों पर इस बारिश का सीधा असर पड़ा है। कई किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहराने की आशंका है। बारिश के चलते मंगलवार को मौसम में हल्की ठंडक और नमी जरूर महसूस की गई, लेकिन मौसम विभाग के अनुसार यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। आने वाले दिनों में तेज धूप और उमस भरी गर्मी लोगों को फिर से परेशान कर सकती है।

# महावीर जयंती पर नमो लोढ़ा ने डॉ. रमन सिंह से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

- अहिंसा परमोधर्म: का दिया संदेश

महावीर जयंती के पावन अवसर पर युवा नेता नमो लोढ़ा ने डॉ. रमन सिंह से उनके निवास पर जाकर सादर मुलाकात कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं अर्पित की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान नमो लोढ़ा ने डॉ. रमन सिंह का कुशलक्षेम एवं स्वास्थ्य का हालचाल जाना और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का जीवन त्याग, तपस्या, अहिंसा, सत्य और करुणा का प्रतीक है, जो आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। नमो लोढ़ा ने कहा कि अहिंसा परमोधर्मः का संदेश हमें सभी प्राणियों के प्रति दया, प्रेम और सह-अस्तित्व की भावना रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस पावन अवसर पर सभी से भगवान महावीर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया, ताकि समाज में शांति, सद्भाव और मानवता की भावना को और अधिक मजबूत किया जा सके।

अंत में उन्होंने भगवान महावीर से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### कार पुलिया से टकराकर नीचे गिरी युवक की मौत

**बालोद।** तेजरफ्तार कार पुलिया से टकराकर नीचे गिर गई। जिसमें सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव की ओर से गुण्डरदेही की ओर जा रही एक सफेद रंग की कार गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम बघमरा के पास सड़क पर बने पुलिया से जा टकराई, कार पुलिया से टक्कराने बाद पुल के नीचे जा गिरी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि कार में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया तथा कार के परखच्चे उड़ गए। जिसके बाद आस पास के राहगिरो के द्वारा उक्त कार सवार घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ईलाज के दौरान व्यक्ति की मौत होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मृतक व्यक्ति गुण्डरदेही निवासी आदित्य मोटवानी 33 वर्ष बताया जा रहा है। वही मामले में पुलिस जांच में जुट गई है पुलिस जांच के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा।






### 70 स्कूलों में जांच, 204 बच्चों को मिले निःशुल्क चश्मे

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर ने नेत्र सेवाओं में किया बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर



- स्वास्थ्य टीम और मितानिनों के सहयोग से मिली सफलता

सत्र 2025–26 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर की टीम द्वारा इस वर्ष नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्यों से अधिक उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर मे निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित 930 के लक्ष्य के विरुद्ध 155 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई, जो कि स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता और टीम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही निःशुल्क स्कूल चश्मा वितरण अभियान के तहत 70 मिडिल स्कूलों में विद्याणथयों की नेत्र जांच कर कुल 204 बच्चों को चश्मों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त नेत्र दान महादान संकल्प के अंतर्गत भी उल्लेखनीय कार्य करते हुए लक्ष्य के अनुरूप 4 नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए, जिससे समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया है। समस्त कार्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व नेत्र सहायक अधिकारी अनिल सिन्हा के कुशल निर्देशन में पूरे ब्लॉक की टीम ने समणपत भाव से कार्य किया। इस उपलब्धि में ब्लॉक के नेत्र सहायक अधिकारियों डिगेश देवदास, श्याम सुंदर देवांगन एवं टिकेश्वर प्रसाद साहू का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए इस सफलता को सुनिश्चित किया। समस्त कार्यों में ब्लॉक के समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला एवं पुरुष तथा मितानिनों का भी विशेष एवं सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिनकी सक्रिय भागीदारी से इन अभियानों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सका।

## खबर संक्षेप

### प्याऊ घर सेवा का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा ठाकुर प्यारेलाल चौक में प्याऊ घर सेवा का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान प्याऊ घर सेवा के माध्यम से राहगीरों को शीतल पेयजल का वितरण स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा किया गया। यह प्याऊ घर सेवा त्रिशंख मंडल एवं हनुमान मंदिर समिति के सहयोग से आरंभ की गई है।

### फिरोज ने खेल मंत्री संग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** नई दिल्ली में हॉकी जगत का प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया



अवार्ड्स का आयोजन किया गया। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह में भारतीय पुरूष एवं महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए करोड़ों रुपए नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फिरोज अंसारी, जो हॉकी इंडिया के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष हैं, ने खेल मंत्री के साथ मंच साझा किया और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारत के महान हॉकी खिलाड़ी अजित पाल सिंग की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उनके हाथों "अजीत पाल सिंह मिडफील्डर अवार्ड" भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी सुमित कुमार को प्रदान किया गया। साथ ही अन्य पुरस्कारों में मेजर ध्यानचंद लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार महान हॉकी खिलाड़ी जफर इकबाल को डिफेंडर ऑफ द ईयर संजय राणा को, अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर साक्षी राणा (महिला), प्रिंस दीप सिंह (पुरुष), प्लेयर ऑफ द ईयर नवनीत कौर (महिला), हार्दिक सिंह (पुरूष) को प्रदाय किए गए। इस भव्य आयोजन ने भारतीय हॉकी खिलाड़ियों के मनोबल को नई ऊंचाई प्रदान की तथा देश में हॉकी के विकास के प्रति सरकार और हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया।

### रिद्धी-सिद्धि कालोनी में सुंदरकांड और भंडारा

**राजनांदगांव।** हनुमान जयंती के अवसर पर रिद्धी-सिद्धि कालोनी फेस-1 के गणेश मंदिर में सामूहिक अभिषेक, सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। दो अप्रैल को कालोनी के गणेश मंदिर में सुबह 10 बजे से हनुमान जी का सामूहिक अभिषेक कर पूजा-अर्चना की जाएगी। संध्या 6 बजे से महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का सामूहिक गायन और आरती के बाद रात्रि आठ बजे से सामूहिक भंडारे का कार्यक्रम शुरू होगा। कालोनी के अध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि कालोनी की मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस हनुमान जन्मोत्सव में सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है।

### सफाई कर्मचारी द्रौपदी का विदाई समारोह

**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 45 रामकृष्ण नगर में मंगलवार को विदाई समारोह



का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम की सफाई कर्मचारी श्रीमती द्रौपदी कृष्णा बघेल के सेवानिवृत्ति पर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर पार्षद दुरेंद्र साहू व सेवक उइके द्वारा श्रीमती बघेल को श्रीफल एवं उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगियों ने उनके वर्षों के उत्कृष्ट सेवा कार्यों की सराहना करते कहा कि श्रीमती बघेल ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ किया। पार्षद दुरेंद्र साहू ने कहा कि श्रीमती बघेल का कार्यकाल पूरे वार्ड के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका अनुशासन और कार्य के प्रति समर्पण अन्य कर्मचारियों के लिए मिसाल है। कार्यक्रम में प्रमोद साहू, शुभम साहू, निवेश देशपांडे, गणेश, वीरेंद्र, बसंत, रामकिशन एवं सुनैना सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्रीमती बघेल के उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र मंडल बल्देवबाग द्वारा होली मिलन, रामनवमी और गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय एक



निजी होटल में उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती के साथ हुई। जिससे पूरे माहौल में भक्तिमय वातावरण बन गया। इस अवसर पर मंडल से बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर त्यौहारों की खुशियां साझा की। मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अवथनकर ने सदस्यों का स्वागत करते कहा कि महाराष्ट्र मंडल के हर आयोजन की सफलता में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। सुषमा शिल्लेदार, चित्रा हस्तक और मनोज शीरसागर ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। जिसमें मंडल के कोषाध्यक्ष विवेक ढोक और सचिव संजू शेवलीकर ने अतिथियों और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अविनाश बने प्रथम डबल करोड़पति अभिकर्ता

**खैरागढ़।** जिले में जीवन बीमा के पॉलिसीधारकों की उत्कृष्ट सेवा के लिए



पहचान बना चुके अविनाश नीलेंद्र शर्मा ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी वर्ष उन्होंने शतकवीर सम्मान प्राप्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित एमडीआरटी यूएसए की उपलब्धि पुनः हासिल की है। निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्त करते हुए वे डबल करोड़पति बनकर राजनांदगांव खैरागढ़ जिले में प्रथम स्थान हासिल करने में सफल रहे जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अविनाश शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता नीलेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य भारतीय जीवन बीमा निगम के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को सुरक्षित भविष्य के प्रति जागरूक करना है।

---

कैंसर जांच से लेकर गौसेवा तक, जैन समाज ने रचा सेवा का इतिहास

# भक्ति, सेवा और मानवता का दिखा संगम

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में महावीर जन्म कल्याणक इस वर्ष केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह महोत्सव सेवा, समर्पण और सामाजिक जागरूकता का विशाल अभियान बनकर उभरा। सकल जैन श्री संघ के नेतृत्व में 22 मार्च से शुरू बहुआयामी आयोजन ने पूरे शहर को एक सूत्र में पिरोते हुए अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह निकलने वाली प्रभात फेरियों ने शहर के सभी 20 वार्डों में धर्म और भक्ति का वातावरण निर्मित किया। भगवान महावीर चौक से प्रारंभ होकर ये फेरियां अलग-अलग मार्गों से गुजरते हुए शहर की प्रमुख गौशालाओं तक पहुंचीं।

24 मार्च को श्रीराम गौशाला किल्लापारा में, 26 मार्च को रूखखड़ स्वामी गौशाला में और 28 मार्च को मनोहर गौशाला में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गायों को आहार खिलाया। यह केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं बल्कि जीव दया के सिद्धांत को व्यवहार में उतारने का जीवंत उदाहरण बना। हर दिन प्रभात फेरी का समापन महावीर चौक में हुआ, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

### निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा

महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही जो भगवान महावीर चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दादाबाड़ी तक पहुंची जहाँ पूरे दिन नवकारसी, स्वामी वात्सल्य और सम्मान समारोह हुआ इस दौरान समाज के बच्चे बुजुर्ग सहित महिलाए व युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।





### 307 रक्तवीरों ने दिया जीवनदान, हेलमेट वितरण बना आकर्षण

25 मार्च को जैन यूथ क्लब द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 307 युवाओं और नागरिकों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित कर सडक़ सुरक्षा का संदेश भी दिया गया, जिससे यह आयोजन सामाजिक जागरूकता का भी माध्यम बन गया। 29 मार्च को कुशल पैलेस में सुबह 8 से 9 बजे तक नवकार मंत्र का जाप हुआ। इस दौरान समाज के लोगों ने विश्व शांति, सुख और समृद्धि की कामना करते हुए सामूहिक साधना की, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

### साइबर सुरक्षा से लेकर कैंसर जांच तक हर क्षेत्र में पहल

भारतीय जैन संघटना के नेतृत्व में आयोजित साइबर जागरूकता शिविर में साइबर प्रभारी धर्मेंद्र वैष्णव एवं उनकी टीम ने लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए। 27 मार्च को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की पिंक वेन के माध्यम से 55 लोगों की निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग की गई, जबकि कुल 150 नागरिकों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिसाल, सैकड़ों लोगों को मिला लाभ

स्वास्थ्य सेवाओं ने इसे जनहित का बड़ा अभियान बना दिया। 22 मार्च को आयोजित रक्त जांच शिविर में 69 प्रकार की जांच मात्र 700 रुपए में उपलब्ध कराई गई, जिसका लाभ 140 नागरिकों ने उठाया। 24 मार्च को बाफना भवन में आयोजित विशाल आयुर्वेदिक शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 150 मरीजों का उपचार किया गया और निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

### टीबी मरीजों को मिला पोषण

30 मार्च को जैन समाज के सदस्य सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां मरीजों को स्टील पानी बोतल, हेडवॉश सहित उपयोगी सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही भारतीय जैन संघटना द्वारा 21 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनके स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस दौरान रोज शाम को दादाबाड़ी मे आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों ने महोत्सव को और भी भव्य बना दिया। 28 मार्च को वाणी महावीर कार्यक्रम में महिला मंडल ने शानदार प्रस्तुति दी। 30 मार्च को संस्कारों की शक्ति कार्यक्रम में बहु मंडल की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। 31 मार्च को भाव यात्रा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन होगा।

---



**राजनांदगांव।** नक्सलमुक्त होता छत्तीसगढ़ को लेकर प्यारेलाल चौक स्थित शहीद एसपी व्हीके चौबे की प्रतिमा पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नक्सली हमले में शहीद जवानों, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।

# दिग्विजय कॉलेज में अतिथि व्याख्यान

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग में प्राथमिक शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य समस्या विषय पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी द्वारा डॉ. सेजल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तथा व्याख्यान के उद्देश्य के बारे में बताया तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू द्वारा व्याख्यान के महत्व से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। तत्पश्चात डॉ. सेजल मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता द्वारा प्राथमिक मानसिक स्वास्थ्य समस्या पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. सेजल ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमारे समाज में लोगों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कई प्रकार की समस्याएं देखने को मिलती है। उसे किस प्रकार हमको समझना चाहिए कि लोग मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित है, उनमें किन-



किन प्रकार की समस्या हमको देखने को मिलती है और किस प्रकार हम उनकी समस्याओं को पहचान कर हमें उनकी मदद करना चाहिए, इस बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई तथा विद्यार्थियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया व उनकी समस्याओं का निदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन समाजशास्त्र अतिथि व्याख्याता चित्रांशा राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एके मंडावी, ललिता साहू, डॉ. प्रियंका लोहिया, चित्रांशा राठौर, तारणी साहू, शालिनी सोनी व समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# खुज्जी उपकेन्द्र की क्षमता में विस्तार : 53 लाख की लागत से नया पॉवर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के खुज्जी क्षेत्र में विद्युत अधोसंरचना को सशक्त बनाने एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। इस योजना के अंतर्गत खुज्जी स्थित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 53 लाख रुपए की लागत से स्थापित 3.15 एमव्हीए के नए अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर को राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। इस क्षमता वृद्धि से खुज्जी क्षेत्र के 62 ग्रामों के लगभग 13471 कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

### अधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर शंकेश्वर कंवर, बीरबल उइके, मुकेश कुमार साहू, एडी टंडन, रविकांत शर्मा, यशवंत तुमरेकी, प्रशांत कोडापे, दिलीप सोनी एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्य को क्षेत्र के समग्र विकास और कृषि उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।



### ग्रामीणों को धान के मौसम में बड़ी राहत

क्षेत्र की विद्युत समस्याओं पर प्रकाश डालते श्री सेलट ने कहा कि पहले इस उपकेन्द्र में 5.0 एमव्हीए और 3.15 एमव्हीए के एक ट्रांसफार्मर कार्यरत थे, जो अक्सर ओवरलोड हो जाते थे। विशेषकर धान की फसल के दौरान लोड शेडिंग और लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी। अब क्षमता विस्तार के बाद खुज्जी क्षेत्र के 62 गांव के लगभग 13471 किसानों और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली और बेहतर वोल्टेज की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी

कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव एवं प्रबंध संचालक (वितरण) भीमसिंह कंवर के मार्गदर्शन में यह कार्य पूर्ण किया गया है। इस नए ट्रांसफार्मर के लगने से खुज्जी उपकेन्द्र की कुल पॉवर क्षमता 8.15 एमव्हीए से बढ़कर अब 11.30 एमव्हीए हो गई है।

### खेती के सीजन में मिलेगी बड़ी राहत

कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि इस अपग्रेडेशन से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान होगा। विशेष रूप से खेती के सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल)

# मोर मकान मोर आवास, आबंटन आज

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस के अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास योजनांतर्गत मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुंदर सुविधायुक्त 1427 बहु मंजिला आवास लखोली, पेंड्री, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है एवं 503 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 236 पात्र आवेदकों को आवास का आबंटन किया गया।



### लाटरी के माध्यम से आवंटन

नगर निगम आयुक्त अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत वर्षों से किराये में निवासरत परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 874 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 1 अप्रैल को आवास का आबंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किए जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार हैं, उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुष्त अग्रिम जमा करनी होगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है, उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं शेष राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी।

## पेज 9 के शेष

### टीबी मुक्त अभियान में ...

महिला संयोजक सीमा सिन्हा, सीएचओ वेदगंगा साहू, सभी मितानिनों अनीता साहू, दिव्या निर्मलकर, कुसुमलता साहू, शीतला साहू, ग्राम पंचायत सचिव गिरिजा नायक व आम जन समुदाय के आपसी समन्वय से इस लक्ष्य को हासिल किया है। हमारे गांव के सभी नागरिक स्वास्थ्य के मामले में अधिक से अधिक सुरक्षित रहे यही हम मिलकर प्रयास कर रहे हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर चन्दनबिरही के ग्रामीण पुरुष संयोजक नीलकमल सिन्हा ने कहा कि टीबी तपेदिक के मुख्य लक्षणों में 2–3 सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी रहना, कफ में खून आना, सीने में दर्द, रात में पसीना आना, शाम को हल्का बुखार, भूख न लगना और तेजी से वजन कम होना शामिल है। यह एक जानलेवा बीमारी हो सकती है, इसलिए ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से जांच जैसे छाती का एक्स–रे, बलगम टेस्ट करवानी चाहिए। जिला नोडल अधिकारी बालोद डॉ.जीआर.रावटे, खंड चिकित्सा अधिकारी गुरूर डॉ.सुनील भारती तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरूर प्रभारी डॉ. कमल किशोर सिन्हा ने इस उपलब्धि की सराहना की।

### दल्लीराजहरा में अतिक्रमण पर ...

हटाने की कार्रवाई नगर पालिका द्वारा की जाएगी और खर्च संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। यह अभियान शहर को व्यवस्थित बनाने के लिए जरूरी है। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि वर्षों बाद सड़कें खुली नजर आ रही हैं और बाजार क्षेत्र में आवागमन आसान हुआ है। व्यापारियों ने भी अब सहयोग का रुख अपनाया है। उनका कहना है कि साफ-सुथरी और चौड़ी सड़कें व्यापार के लिए भी लाभकारी होंगी। वार्ड क्रमांक 4 के व्यापारी दीपक कुमार जैन ने कहा कि वह स्वयं दुकान के बाहर टीन सीट को हटाएंगे और लोगों को सांकेतिक संदेश देंगे। अतिक्रमण हटने के साथ ही दल्लीराजहरा की सड़कों की तस्वीर बदलने लगी है। जाम की स्थिति में सुधार दिख रहा है और यातायात अधिक सुगम हुआ है। सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ता शहरः प्रशासन, नगर पालिका, मीडिया और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से दल्लीराजहरा अब एक नए, व्यवस्थित और बेहतर शहर की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में यह पहल शहर के लिए एक मिसाल बन सकती है।

### सट्टा लिखने को लेकर ...

गाली– गलौज करते जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ से मारपीट करने लगे एवं फैज खान ने पाईप से तथा फैज के पिता डण्डा से मारपीट करने लगे जिससे मेरे सिर, नाक, दाहिने भुजा में चोट खरोच सुजन एवं खून निकला है।

## बिजनेस साइट

# अरुण चेतक में लॉन्च नये इलेक्ट्रिक स्कूटर बजाज चेतक सी25 को बढ़िया रिस्पॉन्स

**बालोद।** शहर में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बढ़ती मांग के बीच बजाज ऑटो के नए इलेक्ट्रिक स्कूटर 'चेतक सी25' को अरुण ग्रुप के अधिकृत शोरूम में लॉन्च किया गया है। "राइड ईज़ी, वाइब ईज़ी" टैगलाइन के साथ पेश किया गया यह स्कूटर स्टाइल, परफॉर्मेंस और आधुनिक टेक्नोलॉजी का बेहतरीन मिश्रण माना जा रहा है।




अरुण ग्रुप के सेल्स मैनेजर कबीर कबीराज एवं सेल्स टीम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, चेतक सी25 में 25 लीटर का बड़ा स्टोरेज स्पेस दिया गया है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। वहीं, इसकी क्विक बैटरी चार्जिंग तकनीक इसे 0 से 80 प्रतिशत तक लगभग 3 घंटे 25 मिनट में चार्ज करने में सक्षम बनाती है। खास बात यह है कि इसमें ऑन-द-गो चार्जिंग सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे चलते-फिरते भी मोबाइल और अन्य गैजेट्स चार्ज किए जा सकते हैं।

परफॉर्मेंस की बात करें तो यह स्कूटर आईडीसी रेंज 113 किलोमीटर तक देता है और इसकी टॉप स्पीड 55 किमी प्रति घंटा है, जो शहर के ट्रैफिक के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। साथ ही 170 एमएम ग्राउंड क्लीयरेंस इसे खराब सड़कों और स्पीड ब्रेकर्स पर भी सहज बनाता है। उन्होंने आगे बताया कि इस स्कूटर की शुरुआती (अर्ली बर्ड) कीमत 87,100 रुपये रखी गई है, जो ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर साबित हो सकती है। बढ़ती पेट्रोल कीमतों और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को देखते हुए यह इलेक्ट्रिक स्कूटर बालोद और आसपास के क्षेत्रों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। ग्राहक अधिक जानकारी और टेस्ट राइड के लिए अरुण चेतक, बालोद शोरूम, साईं स्टील के सामने, सुमित बाजार, गंजपारा, बालोद में संपर्क कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### महिला से गाली-गलौज और मारपीट, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** युवक ने महिला के साथ गाली गलौज कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 324(2), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 11 जवाहरपारा बालोद निवासी कांति बाई साहू ने पुलिस को बताया कि 27 मार्च को रात्रि करीबन 10:30 बजे हमारे घर के बाहर से गाली गलौज करने की आवाज आने से मेरी नातिन दीपिका साहू ने मुझे जगा कर बताया कि कोई घर के बाहर आकर गाली गलौज कर रहा है, तब मैं घर के बाहर जाकर देखी तो हमारे मोहल्ले का लोकेश बघेल खड़ा था, वह मुझे देखकर गाली गलौज करते हुए मेरे बेटे राजेश को बाहर निकलने बोला, मैं लोकेश बघेल को समझाने लगी तो मुझे भी आवेश में आकर तुम लोगों को जान से मार दुंगा कहकर लकड़ी के डण्डा से मारपीट करने लगा, जिसे देखकर मेरी नातिन राधिका साहू एवं दीपिका साहू बीच बचाव करने आये तो उनको भी लोकेश बघेल ने गाली गलौज कर डण्डा से मारपीट किया है। मारपीट से मेरे दाहिने हाथ की ऊंगली व बाएं हाथ की कोहनी में चोट लगकर खून निकला है तथा राधिका के दाहिने हाथ की भुजा में चोट लगा है। कुछ देर बाद लोकेश बघेल हंसिया लेकर हमारे घर के सामने आकर बहुत ज्यादा गाली गलौज करते हुये हमारे घर के सामने लगे दरवाजा एवं बाथरूम के दरवाजा को हंसिया से मारकर तोड़ दिया।

### शराब के साथ पकड़े गए युवक को भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बाजार चौक, ग्राम चुनकट्टा उतई निवासी हरेन्द्र कुमार बंजारे उतई क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन व बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम राठी कॉम्प्लेक्स के पास, ग्राम चुनकट्टा में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 29 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.220 बल्क लीटर, नगदी 150 रुपए,बाइक जब्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत टीम का योगदान रहा है।

### नशीली दवाओं के साथ आरोपी हिरासत में

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा रोड स्थित सब्जी मंडी दुर्ग के पास से सिकोला भाठा, दुर्ग निवासी दीपक ठाकुर को पकड़ा गया। उसके पास से प्रतिबंधित कैप्सूल 72 नग 28 हजार 800 रुपये, नगदी रकम 960 रुपये का जब्त किया गया। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है।

### म्यूल अकाउंट के खेल में 10 गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल अकाउंट के खेल में पुलिस ने दस आरोपियों को पुलिस किया है। पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय के अधीन संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र पोर्टल से मोहन पुलिस को सूचना मिली। कर्नाटक बैंक शाखा स्टेशन रोड दुर्ग में संचालित 111 बैंक खातों का जांच किया गया। जांच में पाया गया कि खातों का उपयोग देश के विभिन्न स्थानों से साइबर ठगी की राशि को प्राप्त करने के लिए किया गया।

## समस्या : जागरूकता और प्रशिक्षण का भी अभाव, कागजों तक सीमित निर्देश

# अग्नि सुरक्षा व्यवस्था फेलः शासकीय भवनों में सुरक्षा के इंतजाम नहीं, अधिकांश कार्यालयों में नहीं है बुनियादी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- शासन के आदेश हवा में, शासकीय भवन बने हादसों का इंतजार करते ढांचे
- आपात स्थिति में बढ़ सकता है खतरा






दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे क्षेत्र में शासकीय विभागों की इमारतों में अग्नि सुरक्षा को लेकर जिस स्तर की गंभीरता अपेक्षित है, वह पूरी तरह नदारद दिखाई दे रही है। छत्तीसगढ़ शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अधिकांश शासकीय कार्यालयों में अग्निशामक यंत्र, धुआं पहचानने की व्यवस्था और आपातकालीन निकास जैसे बुनियादी संसाधन तक मौजूद नहीं हैं। यह स्थिति सीधे तौर पर आम नागरिकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ मानी जा रही है।

हैरानी की बात यह है कि जिन कार्यालयों में अग्निशामक यंत्र लगाए भी गए हैं, वे या तो वर्षों से अनुपयोगी पड़े हैं या उनकी समय-समय पर जांच तक नहीं की गई है। कई जगहों पर तो यंत्र केवल औपचारिकता निभाने के लिए दीवारों पर टंगे हुए नजर आते हैं, जिनकी वास्तविक स्थिति किसी को नहीं पता। शासन बार-बार निर्देश जारी करता है कि प्रत्येक शासकीय भवन में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाए और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। लेकिन दल्लीराजहरा में यह सब केवल कागजों तक सीमित नजर आता है। जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। अग्नि सुरक्षा का मूल उद्देश्य आग लगने की घटनाओं को रोकना, जोखिम को कम करना और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना होता है। इसके लिए भवनों में स्पष्ट निकास मार्ग, धुआं पहचानने वाले उपकरण और कार्यशील अग्निशमन यंत्र अनिवार्य होते हैं। लेकिन यहां के अधिकांश शासकीय भवन इन बुनियादी आवश्यकताओं से ही वंचित हैं।

स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों में इस लापरवाही को लेकर गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन केवल आदेश जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, लेकिन उनके पालन को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। यदि किसी भवन में आग लग जाती है, तो वहां मौजूद लोगों के पास बचाव के साधन तक नहीं होंगे। विशेषज्ञों के अनुसार आग लगने की स्थिति में लिफ्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए, मुंह को गीले कपड़े से ढककर बाहर निकलना चाहिए और तुरंत अग्निशमन सेवा को सूचना देनी चाहिए। साथ ही भवनों में ज्वलनशील पदार्थों को नियंत्रित रखना और धूम्रपान पर सख्ती जरूरी है। लेकिन इन उपायों को लेकर न तो कोई प्रशिक्षण दिया जा रहा है और न ही किसी प्रकार की जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

वहीं एक अन्य शासकीय विभाग के कर्मचारी ने स्वीकार किया कि कई कार्यालयों में अग्निशामक यंत्र या तो खराब हैं या पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रस्ताव भेजा गया है और बजट मिलने के बाद सुधार कार्य शुरू किया जाएगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब शासन के स्पष्ट आदेश मौजूद हैं, तो उनका पालन क्यों नहीं हो रहा? क्या निरीक्षण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है? क्या जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। दल्लीराजहरा में अग्नि सुरक्षा की यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही, उदासीनता और जवाबदेही की कमी का जीवंत उदाहरण बन चुकी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही किसी दिन बड़ी त्रासदी में बदल सकती है।


**विभागों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने बताया कि अग्नि सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं, लेकिन कुछ भवनों में व्यवस्थाएं अधूरी हैं। उनका कहना है कि संबंधित विभागों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

\- **सीमा बक्शी** मुख्य नगर पालिका अधिकारी

### बदलते मौसम ने बढ़ाई उमस, बादल और बारिश से किसान भी चिंतित

**बालोद।** पिछले कुछ दिनो से मौसम में बदलाव से आसमान में बादल से सूरज की तपीस कम होती नजर आ रही है। लेकिन उमस भरी गर्मी ने आम जन को परेशान कर दिया है। इससे स्वास्थ पर असर पड़ सकता है। पिछले कुछ दिनो से जिले के आसमान मे सुबह बादल के कारण सूर्यदेव के दर्शन नही हो रहे है, लेकिन दोपहर होते होते बादल छट जा रहे है, लेकिन देर रात फिर बादल छाने व कई जगहो में बारिश होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। जहां आसमान में बादल व बारिश होने के बाद भी लोगो को गर्मी से राहत मिलते नही दिख रही है और कभी गर्म हवा और कभी ठंडी हवा का एहसास लोगो को हो रहा है।



वही देर रात अचानक हो रही बारिश से दलहन तिलहन की कटाई कर घर की छतो या खुले स्थान पर किसानो द्वारा फसल सुखाने के लिए रखे फसल के बारिश में भिंगने का डर बना हुआ है। जहां सुबह दिनभर मौसम साफ रहने के बाद अचानक देर रात बारिश होने से लोगो को फसल समेटने का मौका नही मिल पा रहा है। वही दूसरी ओर कई किसानो द्वारा ली गई धान की सफल के लिए बीच बीच में हो रही बारिश वरदान साबित हो सकती है तथा धान के फसलो के लिए पानी की आपूर्ति में सहायक साबित हो सकती है।

## धूमधाम से मनाई कर्मा जयंती



**अण्डा।** ग्राम सिरसिदा में साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भीषम लाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में ग्राम सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, परिक्षेत्र की उपाध्यक्ष सत्यवती साहू एवं परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में साहू समाज के अध्यक्ष जाहनू राम साहू, उपाध्यक्ष सुखसागर साहू, महिला उपाध्यक्ष रागिनी साहू, कोषाध्यक्ष मनोहर साहू, सचिव खिलेंद्र साहू, संगठन सचिव लखनलाल साहू एवं बासन साहू माता सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा पुरुषोत्तम साहू, डॉ. हीरालाल साहू, भुनेश्वरी साहू, कल्पना साहू, मीना साहू, निराशा साहू, उर्वशी साहू, अनीता साहू सहित ग्रामीण साहू समाज के सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान माता कर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया तथा समाज में एकता और सेवा भाव बनाए रखने का संदेश दिया गया। अंत में सभी ने मिलकर समाज की उन्नति और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प।

## धूमधाम से मनाया राम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा मंदिर परिसर



वनांचल के ग्राम जुन्नापानी के मध्य स्थित प्राचीन गणेश मंदिर प्रांगण में रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए थे, जो इस मंदिर की विशेष परंपरा है। इस विख्यात मंदिर का निर्माण भोंदू बाबा द्वारा कराया गया था, जो चिंकारा बजाते हुए गांव-गांव घूमकर भिक्षा के माध्यम से धन एकत्रित करते थे। वर्तमान में मंदिर की देखरेख उनकी पुत्री राधा बाई यादव एवं उनके सुपुत्र ओमप्रकाश यादव द्वारा पुजारी के रूप में की जा रही है। रामनवमी के अवसर पर नव जागृति मानस परिवार, जुन्नापानी द्वारा मंदिर परिसर में मानस गायन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सोहर गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने गीतों के साथ नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया और पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।





## विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई



- छात्रों ने साझा किए स्कूल जीवन के संस्मरण

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधी भांठा अंडा में अध्ययनरत कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना के लिए सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके तहत कक्षा पहली से चौथी के बच्चों के द्वारा कक्षा पांचवी में अध्ययनरत बच्चों की शुभकामना सह विदाई किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं अपने स्कूल संबंधी संस्मरण प्रस्तुत किया। आशीर्वचन के रूप में चंद्रहास साहू (प्रधान पाठक) ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता सिर्फ काम को ईमानदारी से करने से ही सफलता अवश्य मिलती है। विद्यार्थी धर्म का सच्चे मन से निर्वहन करने से आपको हमेशा सफलता मिलेगी। शुभकामना सम्मेलन के माध्यम से बच्चों को परीक्षोपयोगी सामग्री पेन पेंसिल और पेंसिल केस प्रदान किया गया एवं सभी बच्चों को स्वल्पाहार दिया गया। उक्त कार्यक्रम में संतोष कुमार पाटिल, पेमिन नागवंशी, भुनेश्वरी साहू, पूजा निर्मलकर अध्यक्ष एसएमसी, भावेश कुमार कोर्राम, संजीत टोप्पो, जीतेन्द्र साहू, कुसुमलता यादव आदि की उपस्थिति रही।

## भगवान महावीर जयंती पर डोंडी में निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी





स्थानकवासी जैन श्रावक संघ डोंडी के नेतृत्व में भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन भवन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः जैन भवन पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान नगर का वातावरण भगवान महावीर के जयकारों से गूंज उठा और पूरा क्षेत्र धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत हो गया।

शोभायात्रा में समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। रथ पर भगवान महावीर स्वामी की आकर्षक तस्वीर को विराजमान किया गया था, जिसे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए भगवान महावीर के संदेशों का प्रसार किया। महावीर जन्मोत्सव के अवसर पर जैन महिला मंडल अध्यक्ष ललिता गुणधर के नेतृत्व में पुराना कपड़ा वितरण एवं फल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरूरतमंदों को सामग्री वितरित की गई।

**नगर पंचायत अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएंः** कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मोहतिन चौरका ने भी शोभायात्रा में भाग लेकर भगवान महावीर के चरणों में वंदन किया और समाज को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और शांति के संदेश को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इन आदर्शों से समाज में सद्भाव और भाईचारा मजबूत होगा। महावीर जन्मोत्सव के अवसर पर बालिका मंडल एवं महिला मंडल द्वारा भगवान महावीर के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें बालिकाओं एवं महिलाओं ने भगवान महावीर के बचपन, ज्ञान प्राप्ति तथा उनके उपदेशों के प्रसार से जुड़े प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए बालिकाओं एवं महिलाओं को बधाई दी।

**समाज ने लिया आदर्श अपनाने का संकल्प**

जैन समाज डोंडी के अध्यक्ष सुभाष जैन, उपाध्यक्ष राजेंद्र पिंटू नाहर एवं महावीर इंटरनेशनल अकादमी डोंडी के अध्यक्ष सुनील ढेलड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर समाज के लोगों ने भगवान महावीर के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा शांति, अहिंसा और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के प्रमुखजनों में ज्ञानचंद बाघमार, मांगीलाल गुणधर, संतोष ढेलड़िया, पूनम कोठारी, लालचंद जैन, भूरचंद नाहटा, विजय विशाल गुणधर, तरुण बाघमार, लक्ष्मीकांत जैन, कमलेश गुणधर सहित महिला मंडल से सुनीता जैन, रचना गुणधर, ममता जैन तथा बालिका मंडल से मुस्कान, मनीषा, पीहू, परी, मौली, कामना, चंचल सहित समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर तीन दिनी भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर तीन दिवसीय भव्य आयोजन 4, 5 ,6 अप्रैल को क्षेत्रीय ग्राम वासी जिला दुर्ग ,बालोद ,राजनंदगांव के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा, कार्यक्रम स्थल ग्राम भोथली ,पोस्ट तिरगा ,जिला दुर्ग जिसमें प्रथम दिवस दोपहर 3:00 बजे कलश यात्रा 5:00 बजे श्री राम कथा, द्वितीय दिवस सुबह 10:00 बजे वेद पूजा ,सुबह 11:00 से 1:00 तक श्री राम कथा व 2 से 3बजे तक परिचय सम्मेलन , सम्मान,3 से 5 बजे तक श्री राम कथा, तृतीय दिवस सुबह 10:00 से 11:00 बजे वेद पूजा , सुबह 11 से 1:00 बजे तक श्री राम कथा ,2.00 से 3:00 बजे तक सम्मान समारोह 3:00 बजे से 5:00 बजे तक श्री राम कथा तत पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, इस आयोजन में श्री राम कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक राजहंस भरत द्वाज, राजहंस परिवार अंबागढ़ चौकी द्वारा किया जाएगा,कार्यक्रम के संयोजक सुरेश कुमार साहू अध्यक्ष शास. महाविद्यालय ,पूर्व सरपंच ने बताया कि वर्षों बाद इस प्रकार हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन हमारे क्षेत्र में पहले बार हो रहा है, यह आयोजन खरखरा नदी के तट पर खेल मैदान में होगा ,लगभग 25 से 30 गांव के राम भक्त इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, सर्व सनातन धर्म को जोड़ने के उद्देश्य,जन जागरण,हिंदुत्व राष्ट्र की महिमा को जन-जन तक पहुचाने की तैयारी है ,कार्यक्रम की तैयारी जोरो पर है सभी जगह से निरंतर सहयोग मिल रहा है सभी कार्यकर्ता आयोजन की तैयारी में लगे हुए हैं, गर्मी को देखते हुए पर्याप्त पेयजल, जंबो कूलर,स्वास्थ्य सुविधा डॉक्टर की व्यवस्था की गई है, शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख होंगे मुख्य वक्ता

# संघ शताब्दी वर्ष पर 4 को बालोद में प्रमुख जन गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष का पांचवा कार्यक्रम प्रमुख जन गोष्ठी बालोद में 4 अप्रैल को आयोजित किया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 100 वर्षों से राष्ट्र साधना एवं सेवा में कार्यरत है जन गोष्ठी उसी क्रम मे पांचवा कार्यक्रम है, इसके पुर्व चार अन्य आयोजन हो चुके है।

संघ कार्य, ऋहदुत्व, वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी भूमिका, पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर विषय प्रस्तुति, संवाद, जिज्ञासा समाधान के द्वारा वैचारिक तथा दायित्व जागरण हेतु प्रमुख जन गोष्ठी महादेव भवन बालोद में 4 अप्रेल शनिवार को दोपहर 3 बजे आयोजित है।

### विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख सुनील भाई कुलकणएँ होंगे। जन गोष्ठी में मजदूर संघ, हेडमास्टर संघ, पटेल संघ, कोटवार संघ, पटवारी संघ, अधिकारी शिक्षक संघ, चिकित्सा संघ, पूर्व सैनिक संघ, अधिवक्ता, खेल जगत, यूटूबर्स संघ, राजमिस्त्री संघ, हस्त शिल्पी संघ, बुनकर संघ, पत्रकार संघ, जिला रामायण संघ, स्वसहायता संघ, मितानिन संगठन, व्याख्याता, राजपत्रित अधिकारी, ग्राम पंचायत संचिवों का संगठन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वन प्रबंधन समिति, प्राइवेट स्कूल चलाने वाले का संगठन, प्रधानपाठक संगठन, तृतीय ऋलग संगठन, सफाई कर्मचारी संगठन, रसोईयों का संगठन, सेलून चलाने वाले संगठन, सराफा व्यापारी संगठन, किसान संगठन, एसटी, ओबीसी, एससी संगठन, स्वंय सेवी एलजीओ संगठन, महिला नेतृत्व धाणमक श्रेणी, टेड यूनियन, राजनैतिक नेतृत्व, मिडिया प्रमुख, उद्योगपति, शैक्षिणक संस्था प्रमुख, अस्पताल संचालक, इंजिनियर, सोशल मिडिया प्रमुख, प्रबुद्ध नागरिक, आर्ट ऑफ लिऋृवगगायत्री परिवार, किसान संगठन, लेखक, कवि, कोऋृचग संचालक, प्राइवेट नथसग स्टाफ, डॉक्टर, मठ, मंदिर प्रमुख, ट्रक मालिक, आटो पाट्र्स, ग्राम पुजारी, सिराहा मांझी, चालक, ठेकेदार, किराना, आटो यूनियन, दुर्गा, गणेश आयोजन, वैज्ञानिक, वेऋृल्डग वर्कशांप, संगठित, असंगठित श्रेणी, संघ के वैचारिक संगठन उपस्थित रहेंगे।

## भव्य साहू का नवोदय विद्यालय में चयन पर सम्मान



अंडा। जिला मुख्यालय के समीपस्थ गांव और जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित ग्राम बोराई के प्रतिभावान छात्र भव्य साहू माता लेखनी साहू व पिता जितेंद्र साहू का नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर स्थानीय प्रबुद्ध जन और जनप्रतिनिधियों ने छात्र को सम्मानित और स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र भेंट करने के साथ ही ग्राम की अध्यापन कार्य में मार्गदर्शिका रहीं जयंत्री साहू का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।ग्राम की शिक्षित जयंत्री साहू के मेहनत व मार्गदर्शन में हर साल चयन हो रहे है और अब तक 8 से 10 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय में जाना भी एक उपलब्धि है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति नरेंद्र देशमुख , अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कैलाश सिन्हा,पूर्व पंच डॉ जितेंद्र साहू,पूर्व पंच मिथलेश देशमुख, ग्राम शक्ति संयोजिका शशि साहू,राहुल साहू,अधिवक्ता चंद्रशेखर साहू,राजा साहू,गोपाल साहू, भुवन साहू,माधव साहू ,लोकेश बंजारे, मनोहर साहू,पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गौ सम्मान अभियान को लेकर गांव-गांव पहुंच रहे गौ सेवक

**गुण्डरदेही।** गौ सम्मान अभियान के तहत गौ सेवको द्वारा गुण्डरदेही अंतर्गत आने वाले गांव मे जाकर 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस मनाने आव्हान किया जा रहा है। इस दौरान मंगलवार को एक दुल्हा बारात जाने निकला था जहां गौ सेवको द्वारा उसे गौ सम्मान अभियान का पाम्पलेट देकर इस अभियान मे शामिल होने आग्रह किया। साथ ही नई दुल्हन को भी इस अभियान मे शामिल करने निवेदन भी किया।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, बड़ा हादसा टला



**बालोद।** जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग में पुराना बस स्टैंड मे लगे एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई, जिसकी जानकारी होने पर बिजली विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। घटना मे काई गंभीर नुकशान नही हुआ। मिली जानकारी के अनुसार चंडी मंदिर पुराना बस स्टैंड के सामने अचानक ट्रांसफार्मर तार में आग लग गई। जिसकी जानकारी आस पास के दुकानदारो के द्वारा बिजली विभाग को दी गई, जिसके बाद बिजली विभाग मौके पर पहुंचकर उक्त आग को बुझाने के साथ बड़ा हादसा होने से बचाया। जहां बिजली विभाग द्वारा आग लगे स्थान का मरम्मत कर स्थिति सामान्य करते हुए बिजली बहाल की गई।

### एक दिनी चौसर प्रतियोगिता 4 अप्रैल को

**बालोद/निकुम।** ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में एक दिवसीय चौसर प्रतियोगिता 4 अप्रैल शनिवार को शाम 6 बजे बस स्टैंड निकुम में आयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार दस हजार रुपए, द्वितीय सात हजार, तृतीय पांच हजार व चतुर्थ पुरस्कार तीन हजार रुपए रखा गया है। यह जानकारी समिति अध्यक्ष हेमंत चौधरी व निखिल गुप्ता ने दिया।

### दुकान में घुसकर युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने रिपोर्ट लिखाई है, जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 332(ब), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रेल्वे कालोनी बालोद निवासी सैय्यद अली ने पुलिस को बताया कि शाम मै अपने किरान दुकान में था, रात्रि करीबन 09 मेरे दुकान के पास नयापारा निवासी चुरामन साहू अपने साथियो के साथ मेरे दुकान के पास आकर मुझे गाली देने लगा, तब मैं अपने लडके फैज अली को फोन लगाया, तभी चुरामन साहू और उसके दो साथी जबरन मेरे दुकान अंदर घुसकर मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर तीनो मारपीट करने लगे तथा चुरामन साहू अपने हाथ में पहने चुडा से मेरे सिर पर मार दिया, मैं अपना बचाव करने लगा तो चुरामन साहू मेरे दुकान के कांउटर में रखे इलेक्ट्रानिक तराजू को उठाकर मेरे सिर पर एवं हाथ पर मारा है, जिससे मेरे सिर दाहिने हाथ एवं बाये हाथ के कलाई के पास चोट आकर खून निकलने लगा। तब खून निकलता देख चुरामन साहू और उसके साथी गाली गलौच करते हुए वहां से भाग गये।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


### आयोजन : प्रभात फेरी और भव्य शोभायात्रा निकली, भगवान महावीर के त्याग और अहिंसा का दिया संदेश

# जामगांव आर में 32वां परिक्षेत्रीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

परिक्षेत्रीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन जामगांव आर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। परिक्षेत्रीय समिति के 32वें वर्ष आयोजन में अतिथि योग पद्धति दंत चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ श्रेणिक नाहटा, हास्य कवि राधेलाल लोढ़ा दुर्ग, सुरेश बाफना गुण्डरदेही भखारा राल जैन, गुलाबचंद राय सोनी, ग्राम पंचायत जामगांव आर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, मेघराज कोचर मंचासिन रहे।

मंचीय संचालन श्वेता भारती ऋृकजल ग्रुप ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिथियों का स्वागत गौतमचंद चौरडिया, यादमल गोलछा, प्रमोद जैन ,संतोष चौरडिया, जिनेश जैन, यशवंत लाल राय सोनी, निर्मल जैन, आकाश रायसोनी, भविष्य राय सोनी, जवरीलाल छाजेड़ आशीष कोचर, चंद्र कैलाश बैद, सुरेश बैद, डॉ डालचंद गोलछा, मनीष बैद, प्रेमचन्द चौरडिया सुरेश चौरडिया ने किया। प्रभात फेरी तत्पश्चात भगवान मल्लिनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर शोभा यात्र नगर में भगवान महावीर के संदेशों को गुंजायमान करते हुए निकली। सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुई। स्वागत भाषण समिति अध्यक्ष मनीष बैद ने किया। डॉ श्रेणिक नाहटा ने कहा कि बड़ों का आशीर्वाद और समणपत मेहनत जीवन को उच्चाइयों में ले जाती है, उन्होंने कहा कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन कल्याणकारी मार्ग प्रसस्त करती है। त्याग और संस्कार भगवान महावीर की विरासत है। अपनी आत्मा का कल्याण करने के लिए विरासत को आत्मसात करे। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के संदेश को अमलकर जीवन जीने वालो की ऋृचतन शक्ति इतनी तेज हो जाती है कि समस्याए, त्याग के सामने नतमस्तक होने लगती है। डॉ श्रेणिक ने कहा कि त्याग के अभाव में चारों तरफ अशांति हाहाकार मचा हुआ है। पूरी दुनिया के लिए भगवान महावीर का सिद्धांत संदेश अमन चैन से जीवन जीने के लिए आज भी प्रासंगिक है।

कवि राधेलाल लोढ़ा ने कहा कि वर्तमान में वर्धमान की आवश्यकता है, महावीर ने दुनिया को यही विरासत में दिया है स्वार्थ परवान चढ़ी है।

सुरेश बाफना ने जैन इतिहास का पन्ना पलटते हुए कहा संस्कार के अभाव में परिवार समाज बिखरता है। धाणमक सामाजिक आयोजन संस्कार के उम्दा स्त्रोत है अधिक से अधिक आयोजन होते रहना चाहिए और सपरिवार उसमें शामिल होकर अपनी विरासत पीढी को सौंपते रहना चाहिए। बोलने की बजाय देखने और संगत से संस्कार अधिक प्रभावी ढंग से समाहित होता 70 साल उम्र पार कर चुके भीखम चंद नाहटा, सोनराज गोलछा राधेलाल लोढ़ा, गोवर्पूधन चंद कोचर, पुनमचंद चोरड़िया, खेमराज कोचर ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोज करते हुए युवा पीढ़ी को विरासत सौंपते हुए बताया कि यह एक दूसरे में प्रेम बांटने का विरासतमय तरीका है। विरासत को आगे बढ़ाते हुए जैन श्री संघ सदस्यों ने सामूहिक भोज कराते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।



#### ये रहे उपस्थित

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव जामगांव आर का साक्षी बनने भीखमचंद नाहटा, सोनराज गोलछा, लूणकरण कोचर, मनोज नाहर, विनोद नाहर, प्रेमचंद ओस्तवाल, ऋषभ ओस्तवाल, योगेश ओस्तवाल, विनोद जैन निपानी, गोवर्धन चंद कोचर,रावल लोढ़ा, धनराज नाहर, ताराचंद लालवानी, हर्ष चौरडिया धमतरी, बोरझरा, भेलवाकूदा, पचपेड़ी, खोरपा, गातापार, कुरूद, तर्रागोंदी, मर्रा, सेमरा, गुण्डरदेही, जामगांव आर ,बटरेल, बेलहारी, सुरपा ,ओदरागहन, रानितराई जैन श्री संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## भक्ति, सेवा और उत्साह के साथ मनाई महावीर जयंती





**दल्लीराजहरा।** नगर में सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जयंती का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, भक्ति, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। पूरे सप्ताह चले विविध धार्मिक, सांस्कृतिक और सेवा आधारित आयोजनों ने शहर के वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी ने इस पर्व को यादगार बना दिया। पर्व के मुख्य दिन सुबह प्रभात फेरी जैन मंदिर से निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने त्रिशला नंदन वीर की जय के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इसके पश्चात सुबह 9 बजे जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड पार्टी, धार्मिक ध्वज और भगवान महावीर के संदेशों से सुसज्जित बैनरों ने सभी का मन मोह लिया। महावीर भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं



और पुरुषों ने अनुशासित ढंग से रैली में भाग लेकर सामाजिक एकता और श्रद्धा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा स्वागत-अभिनंदन किया गया। वहीं, चौक-चौराहों पर शरबत, जल एवं प्रसाद वितरण के माध्यम से सेवा भावना का अनुपम दृश्य देखने को मिला। पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय योगदान दिया गया, जिससे आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। सप्ताहभर चले कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रवचन, भजन संध्या, गौतम प्रसादी एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखकर पूर्ण रूप से धर्म, सेवा और संयम के मार्ग को अपनाया। महावीर जयंती जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और मार्गदर्शक है। जैन समाज के सदस्यों ने बताया कि यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और सद्भाव का संदेश देने का माध्यम है। भंडारा, शरबत वितरण और जरूरतमंदों की सहायता के जरिए समाज महावीर के सिद्धांतों को व्यवहार में लाने का प्रयास करता है। दल्लीराजहरा में मनाई गई यह महावीर जयंती न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक समरसता, सहयोग और भाईचारे का सशक्त संदेश भी दे गई।

## प्रभात फेरी और भव्य शोभायात्रा से गूंजा नगर



**कुसुमकसा।** जैन संगठना कुसुमकसा के तत्त्वाधान में महावीर जयंती का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार प्रातः प्रभात फेरी से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के संदेशों का गुणगान करते हुए पूरे ग्राम में भ्रमण किया।

तदपश्चात सुबह महावीर स्वामी की स्नात्र पूजा के बाद भव्य शोभायात्रा बरगोडा निकाली गई, जिसमें भगवान महावीर द्वारा दिए गए अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया। जिसमें भगवान महावीर के जियो और जीने दो ,अहिंसा परमो धर्म के दिए संदेशों व भक्ति का गुणगान करते डी जे के धुन के साथ निकाला गया जो बस स्टेंड चौक, दुर्गा मंदिर चौक, आदर्श चौक, दीप चौक अटल चौक, आजाद चौक गैरेज पारा हुआ। बरगोड़ा में मंजू संजय बैस जनपद सदस्य, हितेश गुप्ता, विरेंद्र सिन्हा द्वारा लस्सी शरबत का वितरण कर महावीर जयंती की बधाई दी जहां महावीर जन्म कल्याणक की पूजा-अर्चना की गई। जैन भवन में भोजन प्रसादी के बाद, जैन संगठना के सदस्य समाजजन शासन दीपक अक्षय मुनि म.सा. के दर्शन हेतु दल्लीराजहरा गए व धार्मिक चर्चा की साथ ही संघ द्वारा मुनिश्री से कुसुमकसा पधारने का निवेदन भी किया गया। जैन संगठना द्वारा बस स्टैंड में सर्वजन के लिए शरबत वितरण किया गया। वहीं सायंकाल जैन भवन में भक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में जैन संगठना कुसुमकसा अध्यक्ष प्रेमचंद जैन ,कंवरलाल कुचेरिया, सुरेश गुणधर ,भंवरलाल गुणधर, पारसमल सुथार, अनिल सुथार, मुकेश गुणधर, देवराज रायसोनी, मनीष गुणधर ,संतोष कुचेरिया, महावीर बाफना, मोतीलाल कुचेरिया, प्रिंस कोटडिया कंवरी बाई रायसोनी, कमला बाई कोटडिया गुलाब बाई गुणधर, सोनल गुणधर सुनीता गुणधर, रानी रायसोनी, कीर्ति कुचेरिया, मंजू कुचेरिया, पायल कुचेरियां सहित समाज के महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

## सनौद में 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप प्राकट्य शताब्दी वर्ष 2026 राष्ट्र जागरण 9 कुण्डीय गायत्री में यज्ञ की तैयारी को लेकर गायत्री शक्तिपीठ गुरुर का बैठक ग्राम सनौद में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत 3 अप्रैल को शाम 4 बजे कलश मंगल शोभायात्र एवं प्रज्ञा पुराण कथा, 4 अप्रैल शनिवार प्रातः 7:30 बजे से गायत्री महायज्ञ एवं वृहद गर्भ पुंसवन संस्कार और शाम 4:00 बजे प्रज्ञा पुराण कथा एवं विराट दीप महायज्ञ, 5 अप्रैल को 7:30 बजे से गायत्री महायज्ञ और विभिन्न संस्कार एवं पूर्णा हुती तत्पश्चात प्रतिभा सम्मान समारोह प्रज्ञा पुत्रें की विदाई की जाएगी। सभी की तैयारी को लेकर शक्तिपीठ गुरुर के समस्त पदाधिकारी एवं हीरक मंडल के सनौद के समस्त पदाधिकारी उपस्थित होकर तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ गुरुर, हीरक मंडल सनौद के पदाधिकारी एवं ग्राम सनौद के वरिष्ठ जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के आयोजक द्वारकानाथ ठाकुर, चितरंगी दिगेश्वर नाथ ठाकुर, कनिका विद्याभूषण ठाकुर एवं प्रज्ञा मंडल एवं ग्रामवासी सनौद है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- संगठन मजबूती सहित कई मुद्दों पर होगी चर्चा

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा 1 अप्रैल को विभिन्न विशयो को लेकर सिन्हा भवन गुरूर में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक 11 बजे से प्रारंभ होगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान की समीक्षा उपरांत संगठनात्मक पूर्णता व संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक अंतर्गत समस्त बूथों, पंचायतों एवं नगरीय निकाय के वार्डों में संगठनात्मक ढांचा पूर्ण किये जाने के संबंध एवं नवनियुक्त ब्लॉक के पदाधिकारी का सम्मान समारोह और आगामी नगरीय निकाय पलारी के मतदाता सूची परीक्षण के संदर्भ में 01 अप्रैल दिन बुधवार को बैठक आहूत किया गया है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर साहू ने बताया कि जिसमे विशेष रूप से संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, जिला से नियुक्त ब्लाक प्रभारी संजय बारले, मो.सलीम खान उपस्थित रहेंगें। जिसमे ब्लाक कांग्रेस कमेटी के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारीगण, ब्लॉक में निवासरत जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, समस्त मंडल एवं सेक्टर अध्यक्ष, समस्त बूथ अध्यक्षगण,महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, सेवादल, अनु. जाति प्रकोष्ठ, पंचायतीराज के समस्त जनप्रतिनिधि गण, पूर्व प्राधिकृत अध्यक्षगण एवं सभी प्रकोष्ठ के कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

### भव्य शोभायात्रा, जीवदया झांकी और सात दिवसीय धार्मिक आयोजन बने आकर्षण का केंद्र

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



आज नगर में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक का पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। जैन समाज के लोगों ने इस पावन अवसर पर मंदिर एवं स्थानक भवनों में विशेष पूजा–अर्चना, अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया। वहलृ सुबह प्रभात फेरी भी निकाली गई, जिसमें जैन समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

सुबह से ही जैन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। भगवान महावीर के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गईं, जिनमें भगवान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहलृ, वहलृ जैन युवा शक्ति के सदस्यों द्वारा जीवदया की थीम पर आकर्षक झांकी निकाली, जो लोगो को अपनी ओर आकणषत करता रहा व प्रेरणादायी रहा। भक्तों ने जीओ और जीने दो तथा अत्र्हृहसा के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। भगवान महावीर के उपदेशों, अत्र्हृहसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। वहलृ 7 दिवसीय अनेक धाणमक आयोजन स्थानीय महावीर स्कूल परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें जैन रामायण एवं मोक्ष कल्याणक जैसे नाटकीय कार्यक्रम से लोग ओतप्रोत हुए, शाम समाज के लोग सामूहिक प्रतिक्रमण किए, वहलृ जैन युवा शक्ति द्वारा 7 दिन शहर के अलग अलग स्थानों चौक चौराहों पर शीतल पेय आदि का वितरण आमजनों के लिए किया गया, गौशाला में महाजीव दया का आयोजन भी किया गया, इस अवसर पर समाजसेवा के अनेक कार्य भी किए गए। स्थानीय प्रशासन ने भी शोभायात्रओं के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों और युवाओं ने सकिय सहभागिता निभाई।

भगवान महावीर का जन्म कल्याणक हमें यह संदेश देता है, कि हम अपने जीवन में शांति, संयम और अत्र्हृहसा को अपनाकर समाज में प्रेम और सद्भावना का वातावरण बनाएं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जैन समाज के वरिष्ठजन महिलाएं युवा वर्ग बालिका वर्ग शोभायात्रा में शामिल रहे, युवा वर्ग सफेद पोशाक एवं महिलाएं लाल केसरिया साड़ी पहनी नजर आई। अनुशासित ढंग से शोभायात्रा निकाला गया। शहर में सजावट भी किया गया।


online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411